रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2581] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 6, 2017/भाद्र 15, 1939
No. 2581] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 6, 2017/ BHADRA 15, 1939

indiacode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 6 सितम्बर, 2017

का.आ. 2942 (अ). – प्रारूप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 3124 (अ), तारीख 20 नवम्बर, 2015, द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह उक्त प्रारूप अधिसूचना अंतर्विष्ट है, जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त राजपत्र, जिसमें प्रारूप अधिसूचना अंतर्विष्ट है, की प्रतियां जनता को 20 नवम्बर, 2015, को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना के उत्तर में सभी व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर विचार किया गया है;

और, नरपुह वन्यजीव अभयारण्य, पूर्व जनिता पहाड़ी जोवाई, मेघालय में 25°05'19" से 25°06'14" उत्तर अक्षांश और 92°21'04"से 92°31'38" के बीच स्थित है;

और, पुष्प एवं प्राणिजात इस अभयारण्य के प्रचुर जैविक महत्व का द्योतक है अभयारण्य इसके इर्द गिर्द आरक्षित वन से घिरा हुआ है, दक्षिण पश्चिम और पूर्वी भाग के सिवाय जो असम जिले के ग्रामों से घिरा हुआ है; उत्तरी भाग लुखा नदी से घिरा हुआ है जो एक प्राकृतिक अवरोध उत्पन्न करती है; संपूर्ण क्षेत्र में ऐसे वनस्पति एवं जीवजन्तु प्रजातियों की भरमार है जो पारिस्थितिकी एवं औषधीय महत्व के है; अभयारण्य कुछ शेष वन्यजीव आवासों में एक आवास है और इसमें प्रजाति विविधता वाले स्तनधारी जीव हुलक ऊलक, सेराव, लजीला वानर, रीछ, बड़ा भारतीय गंध बिलाव, तेंदुआ बिल्ली, लमचित्ता, मुंजक और गिलहरियों की विभिन्न प्रजातियां है संतरी तोंदु हिमालयन, गिलहरी, उत्तरी पाम गिलहरी, ईरावाडी गिलहरी, ऊदबिलाव, नेवला तथा चमगादड़ की प्रजातियां अर्थात् समवर्गी अश्वनाल चमगादड़, वृहद् पूर्वी अश्व चमगादड़ इत्यादि नरपुह आरक्षित खंड II भी पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के लिए आवास है जिसमें

गौरेया को अभी भी देखा जा सकता है। भिन्न भिन्न प्रकार के तितलियों तथा मछलियों की प्रजातियां जिनमें से कुछ इन क्षेत्रों में संकटग्रस्त हैं और कुछ स्थानिक हैं।

और,इस क्षेत्र में गर्मियों, उच्च आर्द्रता और उच्च तापमान के कारण वर्षा होती है और इन सभी कारकों में पौधों की विविध प्रजातियों की एक प्रचुर मात्रा में सीमा सुनिश्चित होती है; क्षेत्र में वनस्पति मिश्रित वन और कोई भी प्रजाति नहीं है; और क्षेत्र की अनुपलब्धता के कारण वनस्पति काफी कम नहीं है; यह वन प्रकार मुख्य ऊपरी छातरियों के गुंछे बनाने के लिए लंबे सदाबहार वृक्ष की विशेषता है, जो निरंतर नहीं है और कम ऊंचाई वाले छोटे वृक्षों की छत के नीचे पूरा किया जाता है, बांस आमतौर पर नम क्षेत्रो से आती है ; इपीफाइटस् प्रचुर मात्रा में पाए जाते है कुछ पर्वतारोहियों और डिफ्टरोकारोप्स के साथ पाए जाते है केवल स्थानीय पैच में ही दुलर्भ होते है और वृक्ष प्रकार के होते है जैसे *मेसुअ फेर्रा, माकरानगा स्पा, दुअबांगा स्पा, इयुगेना जुमबोलीना, टर्मिनालिया मयरोकारपा, टर्मिनालिया चेबुला, वीटक्स पेंदुंकुलारीस, वीटक्स नेगुंदो, मेचेलि चामपाका, गमेलिना अरबोरेअ, डायसोक्यलुम बेनेकटीफेरूम और अमौरा वाल्लिची हैं;*

और, नरपुह वन्यजीव अभयराण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण और पारिस्थितिक की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों और उद्योगों के वर्गो और उनके प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मेघालय राज्य में नरपुह वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1.20 किलोमीटर से 7.70 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को नरपुह अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**–(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार, नरपुह वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1.20 किलोमीटरों से 7.70 किलोमीटर में 194.23 वर्ग किलोमीटर फैला हुआ है सीमाओं का वर्णन **उपाबंध I** में दिया गया है।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध II** में दी गई है।

(3) नरपुह वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के साथ भू-मंडलीय स्थित प्रणाली के निर्देशांको के बिंदु **उपाबंध II(क)** के रूप में उपाबद्ध है।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध III** के रूप में उपाबद्ध हैं।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(3) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक संबंधी बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी --

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि और बागवानी ;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन सहित पारिस्थितिक पर्यटन ;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिक और शहरी विकास;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों क्षेत्रो के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी और इस योजना के मानचित्र के साथ विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं का विवरण संलग्न होगा ।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और पैरा 4 के सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध, विनियमित क्रियाकलापों का पालन करेगी तथा स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के लिए, पारिस्थितिक अनुकूल विकास सुनिश्चित करेगी तथा संवर्धित करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के संबंध में अपने कार्यों के बाहर ले जाने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय–**राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –**पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि और अन्य भूमियों का संपरिवर्तन निगरानी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, जो स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए है तथा क्रियाकलापों के लिए जैसे:-

(i) विद्यमान सड़के और नई सड़कों संनिर्माण को चौड़ा और सुदृढ करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं सहायक पारिस्थितिक पर्यटन में सम्मिलित ग्रह वास; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप और अनुच्छेद 4 के अंतर्गत दिया गया है:

IndiaCode

परंतु यह और भी संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत**-आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों/नदियों/जलसरणी की पहचान की जाएगी और उसमें उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी।

(3) **पर्यटन–** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे।

(ख) पारिस्थितिक पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, द्वारा राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पारिस्थितिक पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) नरपुह वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा परंतु, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापें या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा पारिस्थितिक पर्यटन पर बल देते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन मार्गदर्शी सिद्धांतों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा।

(4) **नैसर्गिक विरासत –** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए तैयार की जाएगी जो ऐसी आंचलिक महायोजना का भाग होगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल –** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक, सौंदर्यपरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों और परिवेश की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के रूप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** – पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण का नियंत्रण और निवारण पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, के अधीन बनाए गए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के उपबधों के अनुसरण में किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण** – पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का नियंत्रण और निवारण (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में किया जाएगा

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** – पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट –** ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा–

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान और प्रबंधन समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकार्य रीति में होगा;

(ख) पहचानी गई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन (ई एस एम) सुरक्षित पर्यावरणीय ठोस प्रबंधन से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट-** जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ) तारीख 28 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पहचानी गई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन सुरक्षित पर्यावरणीय ठोस प्रबंधन से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय संचालन आवास के अनुकूल रीति में विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति सुसंगत अधिनियमों तथा तदधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन यानीय संचलन के अनुपालन को निगरानी करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगें ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर प्रदूषण कारित करने वाले नए उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात नहीं की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में फरवरी, 2016 के भीतर सिर्फ गैर-प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण की अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को उपदर्शित किया जाएगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(ख)कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(18) केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, यदि यह आवश्यक विचार करती है, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने में अन्य उपाय विनिर्दिष्ट करेगा।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची – पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	वर्णन
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में नए उद्योग और उद्योगों में विद्यमान प्रदूषण का विस्तार अनुज्ञा नहीं होगी। फरवरी, 2016 में जब तक कि इस प्रकार अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषण कुटीर उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी।
3.	नई मुख्य तापीय और जल विद्युत परियोजना की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।

	उत्पादन या प्रसंस्करण।	
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्त्रावों का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
7.	ईंट भट्ठों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	जलावन लकड़ियों का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
9.	पोलिथीन बैगों का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
ख. विनियमित क्रियाकलाप		
10.	होटलों और रिसोर्टों का वाणिज्यिक स्थापना।	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए लघु अस्थायी संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र सीमा के एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक ही जो भी निकट हो कोई नया वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात होंगे अन्यथा नहीं : परन्तु संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर परे या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार यथालागू पर्यटन महायोजना के अनुरुप होगा।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी : (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुखसुविधाओं का संनिर्माण और - नवीकरण; (iii) फरवरी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में केन्द्रीय 2016, द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार प्रदूषणकारी लघु उद्योग- परिभाषित गैर ; (iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधा भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिकी पर्यटन में जिस में गृह वास भी है सहायक हो; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध संवर्धित : क्रियाकलापों की सूची (ख) परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे। (ग) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे।

12.	फर्मों, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
13.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी।
15.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी)।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
16.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। भूमिगत केबल के बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
17.	नागरिक सुख-सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों नियमों और विनियमों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ विनियमित किए जाएंगे।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण।	लागू विधियों नियमों और विनियमों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ विनियमित किए जाएंगे।
19.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
20.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
22.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ डेयरियों दुग्ध उत्पादन जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
23.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुनःउपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे और उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्रावों का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार अधीन किया जाएगा ।
24.	सतह और भूजल के वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
25.	कृषि या अन्य उपयोग के लिए खुले कुआ, बोर कुआ, आदि।	विनियमित और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलाप की निगरानी की जाएगी।
26.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।

28.	पारिस्थितिक पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	वाणिज्यिक सूचना पर और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
30.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को अंगीकृत करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है ।
35.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	पारिस्थितिक अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	निम्नीकृत भूमि या वन या वास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. निगरानी समिति और इसके निबंधन और शर्तें- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी निगरानी के लिए एक निगरानी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(i) उपायुक्त, पूर्वी जंतीया पहाड़ियां जोवाई - अध्यक्ष ;

(ii) पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ जिसे मेघालय सरकार द्वारा ती वर्ष के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा -सदस्य;

(iii) गैर सरकारी संगठन का प्रतिनिधि (जो पर्यावरण और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है) जिसे मेघालय राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा – सदस्य;

(iv) कार्यपालक इंजीनियर, मेघालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड -सदस्य;

(v) मुख्य वन अधिकारी राज्य सरकार -सदस्य;

(vi) राज्य सरकार द्वारा नामर्दिष्ट करने के लिए जैवविविधता के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ- -सदस्य;

(vii) प्रभागीय वन अधिकारी, (वन्यजीव) – सदस्य-सचिव।

6. निर्देश – निबंधन.-

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति की अवधि तीन वर्ष या तक होगी जब तक राज्य सरकार द्वारा गठित किया जाता है और निगरानी समिति की अवधि अवसान के पश्चात उत्तरवर्ती निगरानी समिति उप पैरा (1) के उपाबंध के अनुसार राज्य द्वारा पुन: गठित की जाएगी।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

IndiaCode

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, किंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबद्ध उद्यान उप वन संरक्षक ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे।

7. अतिरिक्त उपाय.- इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे।

8. उच्चतम न्यायालय आदि, आदेश.- भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या माननीय उच्च न्यायालय या माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे।

[फा.सं. 25/156/2015-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

नरपुह वन्यजीव अभयारण्य, पूर्व जयन्तिया पहाड़ी जिला, मेघालय के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तर: लुखा/सिमलिंग नदी के साथ धारा के जंक्शन से बिंदु सं. 1 के उ25°07'45.35" पू92°34'49.79" के धारा प्रवाह के साथ उत्तर पूर्वी भाग की ओर जाती है फिर यह बिंदु सं. 2 के उ25°08'4.15" पू 92°35'16.09" अन्य धारा के साथ जंक्शन की ओर जाती है इसके बाद धारा प्रवाह के साथ उत्तर पश्चिमी भाग की ओर जाती है फिर यह बिंदु सं. 3 के उ25°09'14.19" पू 92°34'40.20" के स्रोत की ओर जाती है इसके बाद उत्तर पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 4 के उ25°09'29.64" पू92°34'29.72" के पहाड़ी ऊँचाई तक जाती है इसके बाद पहाड़ी श्रेणी के साथ दक्षिण पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 5 के उ25°09'17.55" पू92°33'56.89" पहुँचती है इसके बाद दक्षिण पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 6 के उ25°09'11.97" पू92°33'44.71" के धारा स्रोत जाती है इसके बाद धारा के साथ उत्तर पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 7 के उ25°09'53.70" पू92°32'35.28" अन्य धारा प्रवाह के साथ धारा जंक्शन जाती है इसके बाद बिंदु सं. 8 के उ25°10122.81" पू92°31'34.78" में पहाड़ी ऊँचाई की सीधी रेखा के साथ उत्तर पश्चिमी भाग की ओर जाती है इसके बाद सीधी रेखा के साथ पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 9 के उ25°10'23.79" पू92°30'32.35" के दो धाराओं के जंक्शन पहुँचती है इसके बाद धारा के साथ दक्षिण पश्चिमी भाग की ओर जाकर फिर यह बिंदु सं. 10 के उ25°10'16.77" पू92°30'20.32" के अन्य धारा के साथ उसी धारा के जंक्शन बिंदु पहुँचती है इसके बाद धारा के साथ उत्तर पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 11 के उ25°10'33.86" पू92°29'32.64" के स्रोत पहुँचती है इसके बाद घाटी के निचले हिस्से के साथ दक्षिण पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 12 के उ25°10'25.83" पू92°28'56.55" पहुँचती है इसके बाद घाटी के निचले हिस्से के साथ पश्चिमी भाग

IndiaCode

की ओर जाकर यह बिंदु सं. 13 के उ25°10'24.92" पू92°27'43.39" पहुँचती है इसके बाद सीधी रेखा के साथ पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 14 के उ25°10'121.05" पू92°26'49.31" के धारा के स्त्रोत पहुँचती है इसके बाद धारा के साथ दक्षिण पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 15 के उ25°10'01.81" पू92°26103.80" लूनर नदी पहुँचती है।

पश्चिम: लूनर नदी के किनारे में बिंदु सं. 15 के उ25°10'01.81" पू92°26'03.80" के किनारे से लगभग 1.20 किलोमीटर की दूरी पर लूखा नदी के उत्तरी किनारे के समानान्तर रेखा के साथ दक्षिण पश्चिमी भाग की ओर जाती है बिंदु सं.16 के उ25°09'45.16" पू92°25'35.54", बिंदु सं.17 के उ25°9'17.53" पू92°24'56.11", बिंदु सं.18 के उ25°8'42.55" पू92°23'40.23", बिंदु सं.19 के उ25°8'36.41" पू92°22'53.71", बिंदु सं.20 के उ25°8'28.30" पू92°22'45.00", बिंदु सं.21 के उ25°8'14.85" पू92°22'36.68", बिंदु सं.22 के उ25°7'57.27" पू92°22'39.45", बिंदु सं.23 के उ25°7'38.12" पू92°22'16.24", बिंदु सं.24 के उ25°7'21.22" पू92°21'35.24", बिंदु सं.25 के उ25°7'13.51" पू92°21'17.90", बिंदु सं.26 के उ25°7'2.48" पू92°21'7.11", बिंदु सं.27 के उ25°6'52.36" पू92°20'54.51", बिंदु सं.28 के उ25°6'32.69" पू92°20'42.34", बिंदु सं.29 के उ25°6'26.69" पू92°20'33.79", बिंदु सं.30 के उ25°6'0.08" पू92°20'23.97", बिंदु सं.31 के उ25°5'30.53" पू92°20'19.40", बिंदु सं. 32 के उ25°5'8.010' पू92°20'20.64" से होते हुए जाती है।

दक्षिण: बिंदु सं 32 उ25°5'8.00" पू92°20'20.64" से सीधी रेखा के साथ दक्षिण पूर्वी भाग की ओर बिंदु सं. 33 के उ25°04'55.56" पू92°20'26.42" तक जाती है यह बिंदु सं 34 के उ25°04 41.22" पू 92°20' 49.58" के लुखा नदी के किनारे पश्चिम से मिलती है इसके बाद सीधी रेखा के साथ दक्षिण पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 35 के उ 25°04'21.36" पू92°21'45.67" में राष्ट्रिय राजमार्ग 44 के साथ पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 36 के उ25°04'09.42" पू92°22'45.82" पहुँचती है इसके बाद सीधी रेखा के साथ दक्षिण पूर्वी भाग की ओर जाकर बिंदु सं 37 केउ25°04101.65" पू92°23'18.33" धारा से मिलती है इसके बाद धारा के साथ उत्तर पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं.38 के उ25°04'45.66" पू92°24121.05" स्त्रोत जाती है इसके बाद यह सीधी रेखा के साथ उत्तर पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 39 के उ25°04'53.91" पू92°24'55.69" पहुंचती है इसके बाद पर्वत श्रेणी के साथ दक्षिण पूर्वी की ओर जाकर यह बिंदु सं 40 के उ25°04'38.34" पू92°25'14.59" पहुंचती है इसके बाद पर्वत क्षेणी के साथ दक्षिण पश्चिम भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 41 के उ25°03'32.28" पू92°24'12.64" पहुंचती है इसके बाद सीधी रेखा के बाद दक्षिणी पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 42 के उ25°03'07.71" पू92°24'31.90" नरपुह आरक्षित वन खंड II की सीमा के साथ दक्षिण पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 43 के उ25°03'00.58" पू92°24'33.21" पहुंचती है इसके बाद नरपुह आरक्षित वन खंड II की सीमा के साथ पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 44 के उ25°03101.80" पू92°24'25.06"पहुंचती है इसके बाद नरपुह आरक्षित वन खंड II की सीमा के साथ दक्षिण पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह राष्ट्रीय राजमार्ग 45 के उ25°02'57.26" पू92°24'21.92" पहुंचती है इसके बाद नरपुह आरक्षित वन II की सीमा के साथ दक्षिण पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं उ25°01'45.65" पू92°25'43.39". के असम, मेघालय और बांग्लादेश सीमाओं के त्रि-जंक्शन बिंदु पहुंचती है।

पूर्व: बिंदु सं 46 के उ25°01'45.65" पू92°25'43.39" के असम, मेघालय और बांग्लादेश सीमाओं के त्रि-जंक्शन बिंदु से असम मेघालय अंत: राज्य सीमा के साथ उत्तर पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 47 के उ25°06'10.98" पू92°28'46.12" के नरपुह वन्यजीव अभयारण्य की सीमा पहुंचती है इसके बाद असम मेघालय अत: राज्य सीमा के साथ उत्तरी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 48 के उ25°06'33.14" पू92°28'54.74" पहुंचती है इसके बाद असम मेघालय अत: राज्य सीमाके साथ पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 49 के उ25°06'3.08" पू92°32'29.33"पहुंचती है इसके बाद असम मेघालय अत: राज्य के साथ उत्तर पश्चिमी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं. 50 के उ25°08'19.81" पू92°31'27.21" के लुखा सीमलनेग नदी पहुंचती है इसके बाद लुखा सीमलनेंग नदी के साथा पूर्वी भाग की ओर जाकर यह बिंदु सं 1 के उ25°08'19.81" पू92°31'27.21" में धारा के साथ लुखा सीमलनेग नदी के जंक्शन पहुंचती है।

उपाबंध-II

नरपुह वन्यजीव अभयारण्य, मेघालय के पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

क्र.सं.	ग्राम	अक्षांश	देशांतर	निकटता
1	खोइंगोइ	25°11' 4.84" उ	92°32' 31.28" पू	अंशत:
2	मुलीअन	25°11'48.5011उ	92°29' 26.90" पू	अंशत:
3	खाद्दुम	25°9' 15.50" उ	92°26' 48.60" पू	अंशत:
4	पान्दारी	25°9' 19.63"उ	92°24' 52.75" पू	अंशत:
5	बरीचयरनोट	25°9' 49.70"उ	92°25' 28.30" पू	अंशत:
6	सखारी	25°8' 19.91"उ	92°24'30.12" पू	अंशत:
7	लुमटों गसेंग	25°8' 7.02"उ	92°23' 28.40" पू	अंशत:
8	टोंगसेंग	25°8' 36.10"उ	92°22' 38.60" पू	अंशत:
9	मायरली	25°7' 47.85"उ	92°21' 11.74" पू	अंशत:
10	सोनापुर	25°6' 47.00"उ	92°22' 19.90" पू	अंशत:
11	चायमपोंग	25°6' 13.90"उ	92°20' 44.90" पू	अंशत:
12	बोसोरा	25°5' 7.50"उ	92°20' 35.90" पू	अंशत:
13	कुलीअंग	25°4' 28.50"उ	92°21' 56.20" पू	अंशत:
14	पयटाकुना	25°4' 15.36"उ	92°22' 36.93" पू	अंशत:
15	पहर	25°4' 40.90"उ	92°24' 35.40" पू	अंशत:
16	उमाकीअंग	25°3' 41.90"उ	92°23' 9.90" पू	अंशत:
17	वाचकोन	25°3' 1.60"उ	92°24' 14.50" पू	अंशत:
18	दोना सकुर	25°2' 43.11"उ	92°24' 30.31" पू	पूर्णतया
19	दोना अमबलुह	25°2' 32.09"उ	92°24' 56.34" पू	पूर्णतया

indiacode

उपाबंध-II क

नरपुह वन्यजीव अभयारण्य की सीमा और पारिस्थितिक संवेदी जोन के साथ भू- मंडलीय स्थिति प्रणाली के बिंदु


बिंदु सं.	अक्षांश	देशांतर
1.	25°7' 45.35"उ	92°34' 49.79" पू
2.	25°8' 4.149"उ	92°35' 16.09" पू
3.	25°9' 14.186"उ	92°34' 40.20" पू
4.	25°9' 29.642"उ	92°34' 29.72" पू
5.	25°9' 17.55"उ	92°33' 56.89" पू
6.	25°9'53.70"उ	92°32' 35.28" पू
7.	25°10' 22.81"उ	92°31' 34.78" पू
8.	25°10' 23.79"उ	92°30' 32.35" पू
9.	25°10' 16.77"उ	92°30' 20.32" पू
10.	25°10' 33.86"उ	92°29' 32.64" पू
11.	25°10' 25.83"उ	92°28' 56.55" पू
12.	25°10' 24.92"उ	92'27' 43.39" पू

13.	25°10' 21.05"उ	92°26' 49.31" पू
14.	25°10' 1.81"उ	92°26' 3.80" पू
15.	25 9' 45.16"उ	92°25' 35.54" पू
16.	25°9' 17.53"उ	92°24' 56.11" पू
17.	25°8' 42.55"उ	92°23' 40.23" पू
18.	25'8' 36.41"उ	92°22' 53.71" पू
19.	25°8' 28.30"उ	92°22' 45.00" पू
20.	25°8' 14.85"उ	92°22' 36.68" पू
21.	25°7' 57.27"उ	92 22' 39.45" पू
22.	25°7' 38.12"उ	92°22' 16.24" पू
23.	25°7' 21.22"उ	92°21' 35.24" पू
24.	25°7' 13.51"उ	92°21'17.90" पू
25.	25°7' 2.48"उ	92°21'7.11" पू
26.	25°6' 52.36"उ	92°20'54.51" पू
27.	25°6' 32.69"उ	92°20'42.34" पू
28.	25°6'26.69"उ	92°20'33.79" पू
29.	25°6' 0.08"उ	92°20'23.97" पू
30.	25°5' 30.53"उ	92°20'19.40" पू
31.	25°5' 8.01"उ ,	92°20'20.64" पू
32.	25°4' 55.56"उ	92°20'26.42" पू
33.	25°4' 41.22"उ	92°20' 49.58"पू
34.	25°4' 21.36"उ	92°21' 45.67"पू
35.	25°4' 9.42"उ	92°22' 45.82"पू
36.	25°4' 1.65"उ	92°23' 18.33"पू
37.	25°4' 45.66"उ	92°24' 21.05"पू
38.	25°4' 53.91"उ	92°24'55.69" पू
39.	25°4' 38.34"उ	92°2.5' 14.59"पू
40.	25'3' 32.28"उ	92:24' 12.64"पू
41.	25°3' 7.71"उ	92°24' 31.90"पू
42.	25°3' 0.58"उ	92°24' 33.21"पू
43.	25°3' 1.80"उ	92°24' 25.06"पू
44.	25°2'57.26"उ	92°24' 21.92"पू
45.	25°1' 45.65"उ	92°25' 43.39"पू
46.	25°6'10.98"उ	92°28' 46.12"पू
47.	25°6' 33.14"उ	92°28' 54.74"पू
48.	25°6' 3.08"उ	92°32'29.33"पू
49.	25°8' 19.81"उ	92°31' 27.21"पू

IndiaCode

उपाबंध –III

नरपुह वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र




TOPOSHEET : ECO- SENSITIVE ZONE (PROPOSED)
Meghalaya
Narpuh Wildlife Sanctuary
Meghalaya
Dima Hasao Autonomous Council, Assam
Barail Wildlife Sanctuary, Assam
Bangladesh

उपाबंध IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संवीक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 6th September, 2017

S.O.2942(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O 3124(E), dated 20th November 2015,inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, the copies of the Gazette containing the draft notification were made available to the public on the 20th November, 2015;

AND WHEREAS, objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification were duly considered;

AND WHEREAS, the Narpuh Wildlife Sanctuary, East Janita Hills Jowai, Meghalaya is lying between 25°05'19" to 25°06'14" North latitudes and 92°21'04" to 92°31'38" East latitudes;

AND WHEREAS, the flora and fauna represent rich biological significance of this Sanctuary which is bounded by the Reserved Forests around it, except a part of South West and Eastern part which is bounded by villages, and the state of Assam; the Northern part is bounded by the Lukha River forming a physical barrier; the entire area is very rich in plant and animal species which are of economical and medicinal significance; the Sanctuary is one of the few remaining wildlife habitat and is having diverse species of mammals viz., Hoollock Gibbon, Serow, Slow Loris, Sloth Bear, Large Indian Civet, Leopard Cat, Clouded Leopard, Barking Deer and different varieties of Squirrel viz., the Orange bellied Himalayan Squirrel, Northern Palm Squirrel, Irrawaddy Squirrel, Otter, Mongoose and varieties of fruit Bats viz., the Allied Horse Shoe Bat, great eastern Horse Bat, etc; the Narpuh Reserved Block II is also a habitat for varieties of birds where the India Horn Bill can still be sighted, butterfly and fishes of different varieties, some of which are endangered and endemic to these areas;

AND WHEREAS, the area is blessed with high rainfall during summer, high humidity and high temperature for much of the year and all these factors ensure a profuse range of diverse species of plants; the vegetation is mixed forest and no single species dominate the area and the vegetation is fairly undisturbed due to the inaccessibility of the area; this forest type is characterised by tall evergreen trees forming the bulk of the main top canopy, which is not continuous and is completed by a lower canopy of smaller trees of lower height making the canopy uneven at place; bamboos commonly

occurred in badly drain moist areas; epiphytes are found in abundance along with few climbers and Diptherocarpos occurred very rarely in localised patches only and those type constitute trees such as *Mesua ferra, macaranga, sp, Duabanga sp, Eugena jumbolina, Terminalia myrocarpa, Terminalia Chebula, Vitex penduncularis, Vitex Negundo, Mechelia champaca, Gmelina arborea, Dysoxylum benectiferum and Amoora wallichi*;

AND WHEREAS; it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of which are specified in paragraph 1 of this notification, around the protected area of Narpuh Wildlife Sanctuary as Eco-sensitive zone from ecological, environmental and biodiversity point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

